# आसरा वृद्धाश्रम में मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, वृद्धजनों ने किया योगाभ्यास




**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** केंद्रीय संचार ब्यूरो, प्रादेशिक कार्यालय भोपाल द्वारा 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आसरा वृद्धाश्रम में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वृद्धजनों को योग के महत्व से अवगत कराना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करना था।

इस अवसर पर पत्र सूचना कार्यालय के निदेशक श्री मनीष गौतम, गांधी भवन न्यास के सचिव श्री अंकित कुमार मिश्रा, आसरा वृद्धाश्रम की प्रबंधक श्रीमती समीना मसीह तथा योगाचार्य श्री अभिशेख अज्ञानी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में इस वर्ष की थीम 'स्वस्थ बढ़ती आयु के लिए योग' पर विशेष जोर दिया गया।

अपने संबोधन में मनीष गौतम ने कहा कि केंद्र सरकार की पहल पर वर्ष 2015 से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है, जिससे देश और विदेश में योग के प्रति जागरूकता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान तनावपूर्ण जीवनशैली में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए नियमित योग अत्यंत आवश्यक है।

पत्र सूचना कार्यालय के सहायक निदेशक अजय प्रकाश उपाध्याय ने कहा कि योग को केवल एक दिवस तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वृद्धाश्रम में कार्यक्रम आयोजित करने से वरिष्ठ नागरिकों के साथ संवाद और जुड़ाव का अवसर मिला है। योगाचार्य अभिशेख अज्ञानी ने उपस्थित वृद्धजनों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। उन्होंने योग को संपूर्ण जीवनशैली बताते हुए इसके नियमित अभ्यास के लाभों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के अंत में केंद्रीय संचार ब्यूरो के उप निदेशक शारिक नूर ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर साधना कला मंडल द्वारा भजन एवं योग आधारित नाटिका की प्रस्तुति भी दी गई।

## योग दिवस पर सेवा भारती ने दिया सेवा और स्वास्थ्य का संदेश



भोपाल। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सेवा भारती नानक मंडल द्वारा जवाहरलाल नेहरू कैंसर चिकित्सालय स्थित निशुल्क भोजन सेवा केंद्र पर योग एवं सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मरीजों, उनके परिजनों, कार्यकर्ताओं और सहयोगियों ने योग गुरु नेहा गुप्ता के मार्गदर्शन में विभिन्न योगासनों का अभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया।

इस अवसर पर मरीजों और उनके परिजनों को निशुल्क भोजन भी वितरित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेवा भारती के प्रवक्ता भगवानदास ढालिया ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के संतुलन की भारतीय जीवन पद्धति है। उन्होंने कहा कि योग और सेवा दोनों मानव कल्याण के सशक्त माध्यम हैं। अध्यक्ष चेतन पटेल, सचिव मनोज शर्मा, कार्यक्रम प्रभारी तृप्ति अग्रवाल और अमित जैन सहित अन्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में प्रतिभागियों ने नियमित योग अपनाने तथा समाज सेवा के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का संकल्प लिया।

## योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं : महापौर



**भोपाल।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में नगर निगम द्वारा शहर के सभी जोन क्षेत्रों में सामूहिक योग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती मालती राय ने जोन क्रमांक 2 और 7 में आयोजित कार्यक्रमों में सहभागिता कर योगाभ्यास किया तथा नागरिकों को योग अपनाने के लिए प्रेरित किया।

महापौर श्रीमती राय ने कहा कि योग हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर हम स्वस्थ और संतुलित जीवन जी सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयासों से योग आज वैश्विक स्तर पर मानव कल्याण का प्रभावी माध्यम बन चुका है।महापौर ने गुफा मंदिर परिसर और तुलसी नगर स्थित नर्मदा भवन में आयोजित कार्यक्रमों में योगाभ्यास करते हुए उपस्थित प्रतिभागियों को नियमित योग करने तथा अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

## उत्तरकाशी में 50वें अद्वैत जागरण शिविर का शुभारंभ युवाओं ने किया योग और वेदांत अध्ययन का संकल्प



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास द्वारा उत्तराखंड के उत्तरकाशी स्थित तपोवन कुटी में 50वें अद्वैत जागरण शिविर का शुभारंभ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर किया गया। शिविर स्वामी हरिब्रह्मेन्द्रानंद तीर्थ के सान्निध्य में आयोजित हो रहा है, जिसमें देश के 10 से अधिक राज्यों के युवा भाग ले रहे हैं।

शिविर के उद्घाटन अवसर पर प्रतिभागियों ने भगीरथी गंगा के तट पर सामूहिक योगाभ्यास कर एकात्मता और राष्ट्रीय एकता का संकल्प लिया। शिविर में आदि शंकराचार्य द्वारा रचित प्रकरण ग्रंथ 'तत्त्वबोध' सहित वेदांत दर्शन का अध्ययन गुरु-शिष्य परंपरा के माध्यम से कराया जाएगा।

न्यास के अनुसार वर्ष 2020 से अद्वैत वेदांत और भारतीय आध्यात्मिक परंपरा के प्रसार के लिए देशभर में ऐसे शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में केरल के वेलियानाड स्थित चिन्मय इंटरनेशनल फाउंडेशन में 51वें अद्वैत जागरण शिविर का भी शुभारंभ हुआ, जिसमें देश-विदेश के युवा शामिल हुए। वर्ष 2026 में न्यास द्वारा देश के विभिन्न आश्रमों और आध्यात्मिक केंद्रों में कुल 22 अद्वैत जागरण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन 10 दिवसीय शिविरों में वेदांत अध्ययन के साथ योग, ध्यान, स्तोत्र पारायण और प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किए जाते हैं।

न्यास का उद्देश्य युवाओं को भारतीय ज्ञान परंपरा, आध्यात्मिक चिंतन और 'वसुधैव कुटुंबकम्' की भावना से जोड़ना है। आगामी शिविरों में भाग लेने के इच्छुक युवा न्यास की वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं।

## योग दिवस पर 15 हजार से अधिक श्रमिकों ने किया योगाभ्यास

**नप्र, भोपाल :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश के 337 संस्थानों में 15 हजार से अधिक श्रमिकों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। श्रम एवं पंचायत-ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल के आह्वान पर आयोजित इस अभियान में प्रदेशभर के औद्योगिक और विभिन्न कार्यस्थलों के श्रमिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

श्री पटेल ने श्रमिकों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया। उन्होंने स्वयं जबलपुर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में श्रमिकों के साथ योगाभ्यास किया। श्रम आयुक्त श्री संदीप जी.आर. ने इंदौर के एमराल्ड हाइट्स स्कूल में आयोजित विशेष कार्यक्रम में भाग लेकर श्रमिकों का उत्साहवर्धन किया। सचिव श्रम रघुराज राजेंद्रन ने कहा कि योग केवल एक दिवस का आयोजन नहीं, बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन का आधार है। नियमित योगाभ्यास से श्रमिक शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बन सकते हैं, जिससे उनकी कार्यक्षमता और उत्पादकता में भी वृद्धि होगी। श्रम विभाग एवं मध्यप्रदेश श्रम कल्याण मंडल के संयुक्त प्रयासों से आयोजित इस राज्यव्यापी कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों ने भी विभिन्न जिलों में भागीदारी की।



## बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में सामूहिक योगाभ्यास, स्वस्थ जीवन का दिया संदेश



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के योग विभाग द्वारा रविवार सुबह सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। योग विभागाध्यक्ष प्रो. साधना दौनरिया के निर्देशन में योग प्रोटोकॉल के अनुसार प्रतिभागियों ने विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलगुरु प्रो. विवेक शर्मा ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि मानसिक संतुलन और सामाजिक कल्याण का भी आधार है।

उन्होंने सभी को योग को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। कुलसचिव डॉ. एस.बी. सिंह ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए नियमित योग अपनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में एनएसएस समन्वयक प्रो. अनंत सक्सेना, शोधार्थी, शिक्षक, विद्यार्थी, स्वयंसेवक एवं बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। अंत में सभी प्रतिभागियों को अल्पाहार वितरित किया गया।

# मोहन नागर को मिलेगा पद्मश्री, पर्यावरण और ग्राम विकास में योगदान का सम्मान



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी मोहन नागर को शिक्षा, ग्राम विकास, सामाजिक सेवा और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए वर्ष 2026 का पद्मश्री सम्मान प्रदान किया जाएगा। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु उन्हें 23 जून को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में सम्मानित करेंगी।

राजगढ़ जिले के रायपुरिया गांव में जन्मे मोहन नागर पिछले तीन दशकों से विशेष रूप से बैतूल और आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा, जल संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता के लिए कार्य कर रहे हैं। वे भारत भारती शिक्षा समिति, बैतूल के सचिव भी हैं। उन्होंने जल संचयन, नदी पुनर्जीवन, वृक्षारोपण और सतत विकास से जुड़े कई जनआंदोलनों का नेतृत्व किया है। मोहन नागर द्वारा संचालित गंगावतरण अभियान, बोरी बंधान और नदी पुनर्जीवन अभियान को व्यापक सफलता मिली। इन पहलों के माध्यम से हजारों लोगों को जल संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन से जोड़ा गया। आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान उनके नेतृत्व में सतपुड़ा क्षेत्र की 75 पहाड़ियों पर 75 हजार जल संरचनाओं का निर्माण किया गया तथा बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान चलाया गया।

उन्होंने आदिवासी क्षेत्रों में सौर ऊर्जा के उपयोग को भी बढ़ावा दिया, जिससे कई गांवों को नई पहचान मिली। उनके कार्यों ने पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ने का सफल मॉडल प्रस्तुत किया है। मोहन नागर को इससे पहले राष्ट्रीय जल प्रहरी पुरस्कार, जल नायक पुरस्कार, भाऊराव देवरस सेवा सम्मान तथा दुष्यंत कुमार कृति साहित्य अकादमी पुरस्कार सहित अनेक सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। पद्मश्री सम्मान के लिए उनका चयन प्रदेश के लिए गौरव का विषय माना जा रहा है।



## विजयदत्त श्रीधर को डी.लिट. की मानद उपाधि

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** पत्रकारिता के गौरवशाली इतिहास को संजोने और उसे भावी पीढ़ियों के लिए संरक्षित करने की एकनिष्ठ साधना में संलग्न देश के वरिष्ठ पत्रकार एवं सप्रे संग्रहालय के संस्थापक निदेशक पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर को रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर द्वारा डी. लिट की मानद उपाधि प्रदान की गई है।

उन्हें यह उपधि रविवार, 21 जून को जबलपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार ने प्रदान की।

इसके पूर्व श्रीधर को पद्मश्री सहित अनेकों सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। उनके कृतित्व पर अब तक दो पीएचडी की जा चुकी है।

## राजकुमार बरुआ को मिला 'संवाद भारती सम्मान 2026'



भोपाल। लघुकथा दिवस के अवसर पर हिंदी भवन में आयोजित अखिल भारतीय लघुकथा अधिवेशन एवं शोध गोष्ठी में वरिष्ठ लेखक एवं स्वतंत्र पत्रकार राजकुमार बरुआ को 'संवाद भारती सम्मान 2026' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें हिंदी भाषा, साहित्य और पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया।

राजकुमार बरुआ के लेख और विचारोत्तेजक आलेख देश के विभिन्न प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहे हैं। उनकी लघुकथाएं सामाजिक समरसता, सकारात्मकता और जन-जागरूकता का संदेश देती हैं।

सम्मान मिलने पर साहित्य और मीडिया जगत से जुड़े लोगों ने उन्हें बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में देशभर के साहित्यकारों और बुद्धिजीवियों ने सहभागिता की।

## पब के बाहर एंट्री को लेकर विवाद,कार चढ़ाने की कोशिश में युवक घायल

**नप्र, भोपाल :** मिसरोद थाना क्षेत्र में एक पब के बाहर एंट्री को लेकर शुरू हुआ विवाद हिंसक रूप ले बैठा।

आरोप है कि पब में प्रवेश नहीं मिलने से नाराज एक युवक कुछ देर बाद तेज रफ्तार एसयूवी लेकर लौटा और बाउंसरों की ओर वाहन दौड़ा दिया। इस दौरान एक युवक गाड़ी की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। देर रात पब बंद होने का समय होने पर बाउंसरों ने कुछ युवकों को अंदर जाने से रोक दिया था। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक विवाद के बाद एक युवक एसयूवी लेकर वापस आया और बाउंसरों की ओर वाहन बढ़ा दिया।बताया गया है कि बाउंसर ने डिवाइडर पर कूदकर खुद को बचा लिया, लेकिन वहां मौजूद उत्कर्ष पटेल वाहन की चपेट में आ गए। गंभीर रूप से घायल उत्कर्ष को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। मामले में आदित्य शर्मा और उसके कुछ साथियों के भी विवाद में शामिल होने की बात सामने आई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दो अफसरों के 'सीलबंद कवर' में जाने की चर्चा ....

# डीआईजी से आईजी और एसपी से डीआईजी बनने का रास्ता खुलेगा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पुलिस महकमे में बड़े प्रशासनिक फेरबदल की भूमिका तैयार हो गई है। भारतीय पुलिस सेवा अधिकारियों के प्रमोशन के लिए 25 जून को विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी ) की महत्वपूर्ण बैठक प्रस्तावित है। इस बैठक में 9 रिक्त पदों पर पदोन्नति के लिए 27 अधिकारियों के नामों पर विचार किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार दो अधिकारियों के मामले सीलबंद कवर प्रक्रिया में जाने की संभावना है।

पुलिस मुख्यालय और गृह विभाग से जुड़े सूत्रों के मुताबिक डीपीसी में वर्ष 2008 और 2009 बैच के आईपीएस अधिकारियों की पदोन्नति पर विचार होगा। प्रमोशन के बाद कई अधिकारियों को पुलिस अधीक्षक (एसपी) से उप महानिरीक्षक (डीआईजी) और उप महानिरीक्षक से महानिरीक्षक (आईजी) के पद पर पदोन्नति मिल सकती है।

**9 पद, 27 अधिकारी दावेदारः** जानकारी के अनुसार प्रदेश में वर्तमान में आईजी और डीआईजी स्तर के कुल 9 पद रिक्त हैं। इन पदों को भरने के लिए 27 अधिकारियों के नाम पैनल में शामिल किए गए हैं। पात्रता, वरिष्ठता, सेवा अभिलेख और वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन (एसीआर) के आधार पर अधिकारियों का मूल्यांकन किया जाएगा। प्रमोशन सूची जारी होने के बाद पुलिस विभाग में बड़े स्तर पर पदस्थापन और तबादलों की प्रक्रिया भी शुरू होने की संभावना है। सूत्रों का कहना है कि दो अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच या अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाएं लंबित होने के कारण उनके मामलों पर सीलबंद कवर प्रक्रिया अपनाई जा सकती है। ऐसे मामलों में डीपीसी अधिकारी की पात्रता पर विचार तो करती है, लेकिन अंतिम निर्णय जांच या प्रकरण के निपटारे तक सुरक्षित रखा जाता है। हालांकि इस संबंध में आधिकारिक स्तर पर कोई पुष्टि नहीं की गई है।




### मुख्य सचिव की अध्यक्षता में होगी बैठक

डीपीसी की बैठक मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित होगी। समिति में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएसपी ) के सदस्य, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव (एसीएस) तथा पुलिस महानिदेशक (डीजीपी ) भी शामिल रहेंगे। समिति द्वारा तैयार की गई अनुशंसा के आधार पर राज्य सरकार प्रमोशन आदेश जारी करेगी।

**प्रमोशन के बाद बदल सकता है पुलिस महकमे का समीकरण :** प्रमोशन के बाद प्रदेश को नए आईजी और डीआईजी स्तर के अधिकारी मिलेंगे। कई जिलों में पदस्थ पुलिस अधीक्षक भी उच्च पदों पर पदोन्नत होकर रेंज या विशेष इकाइयों में नई जिम्मेदारियां संभाल सकते हैं। ऐसे में पुलिस विभाग में व्यापक प्रशासनिक पुनर्संरचना और नई पदस्थापनाओं की संभावना बढ़ गई है।

**पिछले वर्ष भी हुई थी बड़ी पदोन्नतिः** उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष भी जून माह में आयोजित डीपीसी के बाद एक दर्जन से अधिक आईपीएस अधिकारियों को पदोन्नति मिली थी। इस बार भी लंबे समय से प्रमोशन की प्रतीक्षा कर रहे अधिकारियों को राहत मिलने की उम्मीद है। अब पुलिस महकमे की निगाहें 25 जून को होने वाली डीपीसी पर टिकी हैं, जहां लिए जाने वाले फैसले प्रदेश की प्रशासनिक और पुलिस व्यवस्था में नए समीकरण तय करेंगे।

## शाहजहांनाबाद पुलिस ने बाइक सवार तस्कर को दबोचा, 291 क्वार्टर देशी शराब जब्त



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शाहजहांनाबाद थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 53 लीटर से अधिक अवैध देशी शराब और परिवहन में इस्तेमाल की जा रही मोटरसाइकिल जब्त की है। पुलिस के अनुसार कमिश्नरेट भोपाल द्वारा शहर को नशामुक्त बनाने के लिए अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर शाहजहांनाबाद थाना पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई की।

19-20 जून की दरमियानी रात पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि एक युवक बड़ी मात्रा में अवैध शराब लेकर क्षेत्र में आने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी की और संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रोहित कौशिक (18) निवासी बाजपेयी नगर, ईदगाह हिल्स बताया। तलाशी लेने पर उसकी पल्सर मोटरसाइकिल से एक झोले और बोरी में रखे 291 क्वार्टर देशी प्लेन शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कुल 52.38 लीटर देशी शराब बरामद की, जिसकी अनुमानित कीमत 26 हजार 190 रुपये बताई गई है। साथ ही शराब के परिवहन में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अब यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपी शराब कहां से लाता था और किन क्षेत्रों में इसकी सप्लाई की जाती थी।